क्रय आदेश के नियम एवं शर्तें

1. **अनुबंध की स्वीकृति**: क्रय आदेश के ये नियम एवं शर्तें, यह(ये) क्रय आदेश, उत्पाद आपूर्ति समझौता (यदि कोई हो) और ऐसे दस्तावेजों के साथ संलग्न कोई प्रदर्श (एग्जिबिट) और / अथवा अनुसूची पार्टियों के बीच पूरे अनुबंध ("अनुबंध") का गठन करेंगे और पूर्व की सभी वार्ताओं (नेगोशिएशन) और संसूचनाओं का अधिक्रांत करेंगे। क्रय आदेश में वर्णित माल, सामग्री, टूलिंग, आपूर्तियों, सेवाओं और / अथवा काम (सामूहिक रूप से, "माल") के लिए, क्रेता के क्रय आदेश की विक्रेता की अभिस्वीकृति अथवा क्रय आदेश के तहत डिलीवरी, विक्रेता की इस अनुबंध की स्वीकृति मानी जाएगी, और यह अनुबंध स्पष्ट शब्दों विक्रेता की स्वीकृति को इसकी शर्तों तक सीमित करता है। क्रेता और इसके "संबद्ध", जिन्हें उन सत्त्वों के रूप में परिभाषित किया गया है जो क्रेता का नियंत्रण करते हैं, से नियंत्रित होते हैं, या के साथ आम नियंत्रण के अधीन हैं, इस अनुबंध के तहत माल क्रय सकते हैं।

2. **डिलीवरी:** डिलीवरी उतनी मात्रा में तथा उतने समय में अवश्य हो जानी चाहिए जैसा क्रय आदेश पर निर्धारित है। क्रेता को डिलीवर किए गए उस माल के भुगतान के लिए क्रेता का कोई दायित्व नहीं है जो निर्दिष्ट मात्रा से अधिक है या अपेक्षित डिलीवरी की दिनांक से बाहर है। सभी निपटान क्रेता द्वारा किए गए वजनों या गिनतियों के आधार पर किए जाएँगे। इस अनुबंध के तहत विक्रेता के अपने सभी दायित्वों का प्रदर्शन करने के लिए समय सार है। यदि किसी भी समय विक्रेता को यह विश्वास करने का कारण हो कि अनुसूचित किए गए अनुसार डिलीवरी नहीं की जाएँगी, तो विक्रेता क्रेता को प्रत्याशित विलंब के कारण और उस की अवधि तत्काल सूचित करेगा।

3. **प्रेषण (शिपिंग):** जब तक क्रय आदेश में अन्यथा न कहा गया हो, विक्रेता सभी माल क्रेता के चयनित गंतव्य पर डीडीपी (Incoterms® 2010) भेजेगा, जिस बिन्दु पर स्वत्वाधिकार (टाइटल) क्रेता को स्थानान्तरित हो जाता है। विक्रेता को सख्ती से, https://gsn.gates.com पर आपूर्तिकर्ता आवश्यकताएँ मैनुअल के अनुसार सभी माल पैक, चिह्नित और प्रेषित अवश्य चाहिए। विक्रेता विनिर्माण के देश के सभी निर्यात विनियमों और आयात करने वाले देश की सीमा शुल्क एजेंसी या विभाग के सभी विनियमों का पालन करेगा। सभी पैकिंग पर्चियों, चालानों और / अथवा लदान-पत्रों (बिल ऑफ़ लेडिंग) में क्रय आदेश संख्या और प्रेषक (शिपर) की पैकेज संख्या अवश्य प्रदर्शित होनी चाहिए। सभी मूल लदान-पत्र या अभिव्यक्त रसीदें प्रेषण (शिपमेंट) किए जाने पर क्रेता को अवश्य तुरंत भेजी जानी चाहिए। क्रेता किसी भी C.O.D. प्रेषण (शिपमेंट), साइट ड्राफ्ट के आधार पर भेजे गए माल, तथा उन्हें जो उचित दस्तावेज के साथ नहीं हैं, को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

4. **भुगतान , चालान और कर:** जब तक अनुबंध में अन्यथा न कहा गया हो, तब तक (a) क्रेता को एक सही और वैध चालान प्राप्त होने की तारीख के बाद 90 दिनों के भीतर माल के लिए भुगतान करने पर क्रेता सहमत हैं, और (b) क्रेता उन सभी चालानों पर 1.5 % की छूट लागू करेगा जिनका भुगतान उस कैलेंडर माह के अंत के बाद 30 दिनों के भीतर कर दिया जाता है जिस में माल के लिए एक सही और वैध चालान क्रेता द्वारा प्राप्त होता है। चालान प्रेषित करने (शिपिंग) की दिनांक से पहले दिनांकित नहीं किए जा सकते हैं। विक्रेता सभी चालानों पर क्रय आदेश संख्या शामिल करेगा। विक्रेता के मूल्य में माल पर लागू सभी संप्रभु, राज्य और स्थानीय विक्रय, उपयोग, उत्पाद शुल्क, मूल्य संवर्धन, विशेषाधिकार, वेतन, व्यावसायिक तथा कोई भी अन्य कर, फीस, या शुल्क भी शामिल हैं। सभी करों को चालान में अलग से दर्शाया जाएगा, और जिस सीमा तक चालान में कर-योग्य और गैर-करयोग्य दोनों को शामिल किया जाता है, उसमें करयोग्य राशि को चालान में अलग से स्पष्ट किया जाएगा। विक्रेता सुनिश्चित करेगा कि यदि मूल्य वर्धित या इसी तरह का कर लागू होता है, तो यह कि इसका लागू नियमों के अनुसार चालान बनाया जाता है ताकि क्रेता को उचित सरकारी प्राधिकरण से मूल्य वर्धित या इसी तरह का कर पुनः-प्राप्त करना अनुमत हो। कोई भी पार्टी अन्य पार्टी की आय पर करों के लिए उत्तरदायी नहीं है। यदि सरकारी विनियम द्वारा क्रेता को उन करों को रोकना आवश्यक है जिनके लिए विक्रेता उत्तरदायी है, तो विक्रेता को किए जाने वाले भुगतान में से क्रेता ऐसे काटे जाने वाले कर (विदहोल्डिंग टैक्स) की कटौती करेगा और विक्रेता को विक्रेता के नाम पर एक मान्य कर रसीद प्रदान करेगा। यदि किसी कर संधि या अन्य पद्धति के परिणामस्वरूप विक्रेता इस तरह के काटे जाने वाले करों (विदहोल्डिंग टैक्स) से छूट प्राप्त है, तो विक्रेता भुगतान देय होने के न्यूनतम तीस (30) दिनों पूर्व क्रेता को एक वैध कर संधि निवास प्रमाण पत्र या अन्य कर छूट प्रमाण पत्र प्रदान करेगा। किसी भी अन्य अधिकार या उपचार पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, इस अनुबंध के तहत विक्रेता द्वारा क्रेता को देय किसी भी राशि के विरुद्ध क्रेता मुजरा (सेट-ऑफ) या कटौती करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

5. **वारंटियाँ:** विक्रेता वारंटी देता है कि माल: लागू मानकों, विनिर्देशों और आरेख (ड्रॉइंग) के अनुरूप हैं; व्यापार योग्य (मर्चेन्टेबल) हैं; उस विशेष प्रयोजन के योग्य हैं जिनके लिए ऐसे माल नियोजित किए जाने हैं; सामग्री और कारीगरी के दोष से मुक्त हैं; और विक्रेता द्वारा क्रेता को दी गई किसी भी अन्य अभिव्यक्त वारंटी के अनुरूप हैं। यदि माल की अभिकल्पना (डिजाइन) के लिए विक्रेता उत्तरदायी है, तो विक्रेता वारंटी देता है कि वे क्रेता द्वारा अपने सर्वोत्तम उत्पादों में स्थापना सहित क्रेता द्वारा उपयोग के लिए उपयुक्त होंगे। विक्रेता द्वारा प्रस्तुत अभिकल्पना की क्रेता की लिखित स्वीकृति विक्रेता को इस वारंटी के तहत उसके दायित्वों से राहत नहीं देगी और विक्रेता

विश्वासों की कमी की सभी प्रतिरक्षाओं का अधित्याग करता है। विक्रेता इन वारंटियों के किसी भी उल्लंघन के परिणामस्वरूप सभी क्षतियों के लिए क्रेता और किसी भी तृतीय पक्ष के लिए उत्तरदायी है। पूर्वगामी वारंटियाँ विक्रेता द्वारा प्रथागत रूप से दी गई किसी भी अन्य वारंटियों और कानून द्वारा उपलब्ध किसी भी अन्तर्निहित वारंटियों के अतिरिक्त हैं।

6. **गुणवत्ता नियंत्रण:** विक्रेता को TS16949 , ISO9001 की आवश्यकताओं, क्रेता के आपूर्तिकर्ता आवश्यकताएँ मैनुअल, आपूर्तिकर्ता की आचार संहिता के सभी प्रावधानों, और माल के लिए क्रय आदेश पर कहे गए क्रेता के गुणवत्ता और अन्य विनिर्देशों को अवश्य पूरा करना चाहिए। विक्रेता क्रेता को स्वीकार्य माल को आवृत्त करने वाली निरीक्षण और गुणवत्ता नियंत्रण प्रणालियाँ प्रदान करने और बनाए रखने के लिए सहमत है। क्रेता और विक्रेता सभी निरीक्षण कार्य का अभिलेख बनाए रखने और अनुरोध पर अन्य पार्टी को उपलब्ध कराने के लिए सहमत हैं। माल जो क्रय आदेश के अनुरूप नहीं ("गैर-अनुरूपी माल") है और माल जो वारंटी की आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता है या अन्यथा दोषपूर्ण ("दोषपूर्ण माल") हैं वे विक्रेता के खर्च और जोखिम पर विक्रेता को क्रेडिट के लिए लौटा दिएँ जाएँगे। किसी भी क्रय आदेश पर माल के लिए भुगतान क्रेता की इसकी स्वीकृति का गठन नहीं करेगा, और न ही स्वीकृति दोष या गैर-अनुकूल काम करने के लिए विक्रेता के दायित्व का अधित्याग समझी जाएगी।

7. **बौद्धिक संपदा:** क्रेता सभी पेटेंट अधिकारों, सर्वाधिकार, नैतिक अधिकारों, स्वामित्व की जानकारी और व्यापार रहस्यों में अधिकारों, डेटाबेस अधिकारों, ट्रेडमार्क अधिकारों, मास्क कार्यों, और अन्य बौद्धिक संपदा अधिकारों सहित विचारों, खोजों, आविष्कारों, लेखकत्व के मूल कामों, रणनीतियों, किसी भी क्रेता क्रय आदेश के तहत विक्रेता के प्रदर्शन से निर्मित या परिणामी योजनाओं और डेटा का मालिक होगा, और एतद्वारा अनन्य रूप से मालिक है। ऐसी समस्त बौद्धिक संपदा जो कॉपीराइट द्वारा संरक्षित करने योग्य है क्रेता के लिए किराये के लिए किया गया काम / किए गए काम माना जाएगा/माने जाएँगे (क्योंकि वाक्यांश "किराये के लिए किए गए काम(मों)" को यूनाइटेड स्टेट कॉपीराइट अधिनियम 17 (U.S.C. § 101) में परिभाषित किया गया है) अथवा जहाँ काम(मों) का सृजन किया गया था वहाँ के स्थानीय कॉपीराइट कानून के तहत क्रेता को काम(मों) से संबंधित "प्रथम मालिक" का दर्जा देगी। विक्रेता सृजन पर तुरंत क्रेता को ऐसी सभी बौद्धिक संपदा प्रकट करने पर सहमत है। यदि कानून की कार्यवाही द्वारा इस तरह की कोई बौद्धिक संपदा सृजन पर क्रेता द्वारा इसकी संपूर्णता से स्वतः स्वामित्व में नहीं की जाती है, तो विक्रेता क्रेता के लिए अंतरण करने और सौंपने हेतु सहमत है, और एतद्वारा ऐसी बौद्धिक संपदा के लिए दुनिया भर में समस्त अधिकार, स्वत्वाधिकार (टाइटल) और हित क्रेता के लिए अंतरण और प्रदान करता है।

8. **गोपनीय जानकारी:** क्रेता द्वारा, किसी भी रूप में, विक्रेता को प्रदान की गई सभी जानकारियों का गोपनीय और स्वामित्व वाली ("गोपनीय जानकारी") होना विक्रेता स्वीकार करता है। समस्त गोपनीय जानकारी, जिसमें बौद्धिक संपदा शामिल है, क्रेता की संपत्ति बनी रहती है, और क्रेता के अनुरोध पर क्रेता को तुरंत लौटा (अथवा नष्ट करने की लिखित पुष्टि के साथ नष्ट कर) दी जानी चाहिए। विक्रेता इस तरह की जानकारी की गोपनीयता को अनिश्चित काल तक के लिए बनाए रखने के लिए सहमत है जब तक कि इस तरह की जानकारी : (a) विक्रेता द्वारा अनाधिकृत प्रकटीकरण के माध्यम के अलावा सार्वजनिक ज्ञान की नहीं है या नहीं हो जाती है, (b) प्रकटीकरण पर प्रतिबंध के बिना कानूनी रूप से किसी तृतीय पार्टी से प्राप्त नहीं होती है जिसे ऐसे प्रकटीकरण का अधिकार है, या (c) किसी न्यायिक आदेश या डिक्री आज्ञप्ति (डिक्री) का पालन करने के लिए खुलासा किया जाना आवश्यक नहीं है। गोपनीय जानकारी का उपयोग विक्रेता के केवल उन्ही कर्मचारियों द्वारा ही उपयोग किया जा सकता है जिन्हें इस अनुबंध के तहत विक्रेता के दायित्वों को पूरा करने के लिए इसे प्राप्त करना आवश्यक है। विक्रेता को गोपनीय जानकारी के आधार पर कोई पेटेंट आवेदन दाखिल करना निषेध है। विक्रेता अपने कर्मचारियों द्वारा गोपनीय जानकारी के किसी भी प्रकटीकरण के लिए उत्तरदायी है।

9. **रद्दकरण (कैंसलेशन) :** यदि विक्रेता इस अनुबंध की किसी भी शर्त का उल्लंघन करता है, या, यदि क्रेता के युक्तियुक्त विवेक में क्रेता यह निर्धारित करता है कि क्रय आदेश के अनुसार समय पर डिलीवरी खतरे में है, तो क्रेता भुगतान या किसी अन्य दायित्व के बिना समस्त क्रय आदेश या इसके किसी भी हिस्से को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। क्रेता विक्रेता को लिखित नोटिस दे कर सुविधा के लिए किसी समस्त क्रय आदेश या इसके हिस्से को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। जब रद्दकरण सुविधा के लिए हो, तो क्रेता विक्रेता को : (a) क्रय आदेश के अनुरूप पूर्व में वितरित किए गए अभुक्त (अनपेड) माल; (b) क्रेता की संपदा पर किसी भी बकाया राशि (c) क्रय के आदेश के अनुरूप अवितरित और क्रेता की डिलीवरी या निर्गमन अनुसूची के अनुसार उत्पादित परिष्कृत माल; और (d) क्रेता की डिलीवरी या निर्गमन अनुसूची के अनुसार आदेशित प्रक्रिया-में-कार्य (वर्क-इन-प्रोसेस) तथा कच्चे माल की वास्तविक लागत, जिसे विक्रेता स्वयं के अथवा अन्य ग्राहकों के लिए माल उत्पादित करने में उपयोग नहीं कर सकता है; के लिए सत्यापित दावों का भुगतान करेगा। इस अनुच्छेद के तहत भुगतान (i) रद्द करने के 30 दिनों के भीतर विक्रेता के सभी सत्यापित प्रलेखन, (ii) परिष्कृत तथा अपरिष्कृत माल, (iii)

क्रेता की संपत्ति, और (iv) प्रक्रिया-में-कार्य (वर्क-इन-प्रोसेस) और कच्चे माल, की क्रेता की प्राप्ति की शर्त के साथ है। इस अनुबंध का कोई भी रद्दकरण विक्रेता को उसके ऐसे रद्दकरण से पूर्व अर्जित दायित्वों के प्रदर्शन से मुक्ति नहीं देता है।

10. **क्रेता की संपत्ति:** इस अनुबंध के संबंध में कोई भी संपत्ति है, जिसमें शामिल है किन्तु इन्हीं तक सीमित नहीं है, क्रेता द्वारा विक्रेता को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रस्तुत उपकरण, औजार, ठप्पे, जुगाड़, साँचे, प्रमापी (डाईयाँ, जिग्स, पैटर्न्स, गेज) या सामग्री, या जिसे क्रेता पूरा या आंशिक रूप से विक्रेता से क्रय करता है, या जिसकी विक्रेता को प्रतिपूर्ति करता है (सामूहिक रूप से, "क्रेता की संपत्ति"), क्रेता की एकमात्र संपत्ति है और विक्रेता द्वारा निक्षेप आधार पर रखी जाएगी। विक्रेता सहमत है कि क्रेता को, किसी भी समय, क्रेता की संपत्ति का कब्जा फिर से लेने का अधिकार है। विक्रेता के कब्जे या नियंत्रण के दौरान, क्रेता की संपत्ति के हानि, चोरी और क्षति होने का जोखिम विक्रेता उठाता है। विक्रेता क्रेता की सम्पत्ति को सभी धारणाधिकारों (लियन) और विल्लंगमों (इनकुम्ब्रैंस) से मुक्त रखने और क्रेता की सम्पत्ति का हानि या विनाश के विरुद्ध बीमा करने के लिए सहमत है। विक्रेता को क्रेता की सभी संपत्ति पर स्थायी रूप से "क्रेता की संपत्ति" के रूप में चिह्नित अवश्य करना चाहिए। विक्रेता : (a) केवल इस अनुबंध के निष्पादन के लिए क्रेता की संपत्ति का उपयोग करेगा, (b) क्रेता की संपत्ति को व्यक्तिगत होना नहीं समझेगा, (c) क्रेता से पूर्व लिखित अनुमोदन के बिना क्रेता की सम्पत्ति को क्रय आदेश पर निर्दिष्ट पते से नहीं हटाएगा, और (d) क्रेता की पूर्व लिखित सहमति के बिना क्रेता की संपत्ति को नहीं बेचेगा, स्थानांतरित या अन्यथा निपटान नहीं करेगा। क्रेता की संपत्ति और विक्रेता के संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण करने के लिए क्रेता को सभी उचित समयों पर विक्रेता के परिसर में प्रवेश करने का अधिकार है।

11. **उत्पादन उपकरण:** विक्रेता को सभी उपकरण, ठप्पों (डाईयों), औजारों, प्रमापियों (गेज), जुगाड़ों (जिग्स),फिक्चर्स, साँचों पैटर्न, या माल के उत्पादन के लिए आवश्यक अन्य मदों ("उत्पादन उपकरण") को अवश्य अपने स्वयं के खर्च पर, सुसज्जित करना, अच्छी हालत में रखना और जब आवश्यक हो प्रतिस्थापित करना चाहिए। क्रेता का किसी भी उत्पादन उपकरण का कब्जे और सत्वाधिकार (टाइटल) लेने का अधिकार सुरक्षित है जो माल के उत्पादन के लिए विशेष हो, जब तक कि माल विक्रेता के मानक उत्पाद न हों, या यदि विक्रेता द्वारा इसी तरह के माल की पर्याप्त मात्रा अन्यों को बेची न जा रही हो।

12. **विनिर्देशों में परिवर्तन:** क्रेता का किसी भी माल के लिए अभिकल्पना (डिजाइन) और विनिर्देशों में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित है। इस तरह के परिवर्तनों के परिणामस्वरूप मूल्य या प्रदर्शन के लिए समय में अंतर को न्यायसम्मत ढंग से समायोजित किया जाएगा, तथा क्रय आदेश को तदनुसार संशोधन किया जाएगा।

13. **क्षतिपूर्ति (इंडेम्निटी):** विक्रेता क्रेता, उसके संबद्धों, तथा ऐसे सत्त्वों के अधिकारियों, निदेशकों, कर्मचारियों, और ग्राहकों (सामूहिक रूप से "क्षतिपूरित (इंडेम्निफाइड) पार्टियाँ") को सभी तथा किसी भी माँगों, दावों (शारीरिक चोट और / अथवा मृत्यु सहित), क्षतियों, दायित्वों, कार्रवाईयों, निर्णयों, अर्थ दंडों, शास्तियों, हानियों, खर्चों, लागतों (वकीलों के उचित शुल्कों तथा न्यायालय की लागतों सहित), और शुल्कों (आयात और निर्यात कस्टम फीस सहित) से क्षतिपूर्ति (इंडेम्निफाइ) करेगा, बचाव करेगा, और हानिरहित करेगा जोः (a) विक्रेता, इसके कर्मचारियों, एजेंटों या उप-संविदाकारों के लापरवाही से या जानबूझ कर किए गए कार्य या चूक; (b) इस अनुबंध के तहत विक्रेता के निष्पादन या गैर-निष्पादन; (c) दोषपूर्ण माल; (d) माल पर पर्याप्त सुरक्षा चेतावनियाँ लगाने या पर्याप्त उपयोग के निर्देश प्रदान करने की विक्रेता की विफलता; (e) माल के क्षतिपूरित (इंडेम्निफाइड) पार्टियों के उपयोग; और (f) माल के विनिर्माण, उपयोग, विक्रय के लिए प्रस्ताव, विक्रय, या आयात की वजह से किसी भी पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, मास्क वर्क, या किसी अन्य बौद्धिक संपदा अधिकार के वास्तविक या कथित अतिलंघन, या अतिलंघन के लिए प्रलोभन; के परिणामस्वरूप किसी एक या अधिक क्षतिपूरित (इंडेम्निफाइड) पार्टियों के विरुद्ध दावा किए जा सकते हैं या जिनके लिए एक या अधिक क्षतिपूरित (इंडेम्निफाइड) पार्टियाँ उत्तरदायी हो सकती हैं। यह अनुच्छेद एकमात्र क्षतिपूरित (इंडेम्निफाइड) पार्टियों की लापरवाही द्वारा उत्पन्न चोटों या क्षतियों के लिए क्षतिपूरित (इंडेम्निफाइड) पार्टियों को क्षतिपूर्ति (इंडेम्निफाइ) करने के लिए विक्रेता को बाध्य नहीं करता है।

14. **बीमा:** विक्रेता प्रतिनिधित्व करता है कि इसके पास प्रभाव में निम्नलिखित बीमा पॉलिसियाँ हैं : (a) वाणिज्यिक सामान्य देयता और उत्पाद देयता बीमा, क्रेता को स्वीकार्य संवाहक सहित, न्यूनतम पचास लाख डॉलर (अमेरिकी $5,000,000) प्रति वर्ष की कुल राशि के साथ, न्यूनतम बीस लाख डॉलर (अमेरिकी $2,000,000) प्रति घटना प्रति वर्ष की राशि में, और (b) कानून द्वारा आवश्यक राशि में कामगार क्षतिपूर्ति बीमा या अन्य इसी के समान क्षतिपूर्ति बीमा। विक्रेता का कोई भी बीमा व्याप्ति क्रय या प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना किसी भी तरीके से विक्रेता के इसके अधीन दायित्व को सीमित नहीं करता है या क्रेता या क्षतिपूरित (इंडेम्निफाइड) पार्टियों में से किसी के प्रति विक्रेता के दायित्वों को किसी भी तरह से संशोधित नहीं करता है। विक्रेता क्रेता को बीमा के प्रमाण पत्र प्रदान करेगा जो (x) दिखाते हों कि क्रेता को कम से कम तीस दिन के पूर्व लिखित नोटिस के बिना पॉलिसियाँ नहीं बदलेंगी या समाप्त नहीं होंगी, (y) वाणिज्यिक सामान्य

देयता और उत्पाद देयता पॉलिसियों में क्रेता का नाम एक अतिरिक्त नाम वाला बीमित बताते हों, और (z) दिखाते हों कि बीमाकर्ता क्रेता के विरुद्ध सभी प्रत्यासन अधिकारों का अधित्याग करता है।

15. **उपचार:** विक्रेता क्रेता को: (a) किसी भी गैर-अनुरूपी (नॉन कन्फॉर्मिंग) या दोषपूर्ण माल; (b) किसी भी उत्पाद जिसमें गैर-अनुरूपी (नॉन कन्फॉर्मिंग) या दोषपूर्ण माल शामिल हो जिसे क्रेता शामिल किसी भी उत्पाद के मरम्मत और प्रतिस्थापन सहित किसी भी ग्राहक को विक्रय करता है; (c) डिलीवरी अनुसूची या आवश्यकताओं को पूरा करने की विक्रेता की अक्षमता; और (d) इस अनुबंध की प्रत्येक और हर शर्त का पालन करने की विक्रेता की विफलता; से या के संबंध में उत्पन्न होने वाली सभी क्षतियों, हानियों, खर्चों, तुरन्त देय लागतों (आउट ऑफ़ पॉकेट कॉस्ट्स), शास्तियों और प्रशासनिक लागतों तथा किसी भी अन्य प्रभारों का भुगतान और प्रतिपूर्ति करेगा जो क्रेता उठाता है। क्रेता से अनुरोध पर, विक्रेता किन्हीं भी वारंटी या क्षतिपूर्ति अधिकारों को प्रदान करेगा जो विक्रेता के आपूर्तिकर्ताओं और / अथवा विनिर्माताओं के स्थान पर विक्रेता के हैं। इस अनुबंध में प्रदान किए गए उपचार संचयी हैं और कानून या न्यायता में प्रदत्त किसी भी उपचार के लिए अतिरिक्त हैं।

16. **साइट पर सेवाएँ:** जब क्रेता के परिसर पर काम कर रहे हों, तब विक्रेता के कामगार क्रेता कंपनी की सभी नीतियों, नियमों और सुरक्षा नियमों का पालन करेंगे, और विक्रेता के कामंगारों से विक्रेता उन प्रपत्रों पर हस्ताक्षर करवाएगा जो गोपनीयता, सुरक्षा और प्रशासनिक कारणों के लिए क्रेता द्वारा आवश्यक होंगे। यदि किसी सेवा के संबंध में क्रेता द्वारा अग्रिम रूप से लिखित रूप में अनुमोदन किया जाता है, तो विक्रेता के सेवाओं के निष्पादन के संबंध में क्रेता विक्रेता द्वारा किए गए (बिना मूल्य बढ़ाए (मार्क अप)) वास्तविक और उचित व्यय के लिए सीधे विक्रेता को प्रतिपूर्ति करेगा।

17. **विक्रेता कानूनों का अनुपालन करता है:** विक्रेता प्रतिनिधित्व करता और वारंटी देता है कि यह सभी लागू कानूनों के अनुपालन में है, और यह कि सभी माल सभी लागू कानूनों के अनुपालन में है। "लागू कानून" शब्द में श्रम और रोजगार (मजदूरी और बाल श्रम कानून सहित), कामगार सुरक्षा, डेटा गोपनीयता, उपभोक्ता संरक्षण, पर्यावरणीय संरक्षण, व्यापार संचालन, लाइसेंसिंग, और प्राधिकरण, ज़ोनिंग, आयात / निर्यात, शिपमेंट, गैर-भेदभाव से संबंधित कानून, और संयुक्त राज्य अमेरिका विदेश भ्रष्ट आचरण 1977 और यू.के. रिश्वतखोरी अधिनियम 2010 सहित भ्रष्टाचार विरोधी कानून शामिल हैं। अनुरोध पर, विक्रेता क्रेता को इस तरह के अनुपालन का ऐसे रूप में प्रमाण देने के लिए सहमत है जैसा लागू कानून द्वारा आवश्यक हो और क्रेता आवश्यक समझे। यदि माल संयुक्त राज्य अमेरिका में डिलीवर या उत्पादित किए जाते हैं, तो एग्ज़ीक्यूटिव ऑर्डर 11246 की धारा 202, यथा संशोधित, इस संदर्भ द्वारा शामिल की जाती है। *केवल क्यूबेक निवासियों के लिए*: यह यहाँ पार्टियों के अभिव्यक्त इरादे से कि वर्तमान अनुबंध और इसके सभी संबंधित दस्तावेजों का प्रारूप अंग्रेजी में तैयार किया जाए। *Il est de l'intention expresse des parties à la présente Convention (connaissement, bon de commande, bon de conditionnement ou facture) et tout document s'y rattachant soient écrit en langue anglaise*.

18. **आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा:** यदि माल अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के पार डिलीवर किया जाता है, तो विक्रेता आयातक देश के लागू आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा कार्यक्रमों के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में होने और अनुपालन बनाए रखने के लिए सहमत है, उदाहरण के लिए, अमेरिका के शिपमेंट के लिए, यू.एस. कस्टम्स एण्ड बॉर्डर प्रोटेक्शन के कस्टम्स – ट्रेड पार्टनरशिप अगेंस्ट टेररिज्म (C-TPAT); कैनेडियन शिपमेंट के लिए, पार्टनर इन प्रोटेक्शन (PIP)।

19. **क्रेता के दायित्व:** इस अनुबंध के किसी भी उल्लंघन, कथित उल्लंघन या रद्दकरण के लिए किसी भी हाल में क्रेता का दायित्व लागू क्रय आदेश पर दर्शाई गई कुल कीमत से अधिक नहीं होगा, और न ही क्रेता ऐसे किसी भी उल्लंघन, कथित उल्लंघन या रद्दकरण से उत्पन्न किसी भी दण्डात्मक, विशेष, अप्रत्यक्ष, आकस्मिक या परिणामी क्षति के लिए उत्तरदायी होगा।

20. **विज्ञापन:** विक्रेता पहले क्रेता की लिखित सहमति प्राप्त किए बिना किसी भी तरीके से इस अनुबंध के अस्तित्व या इसकी शर्तों, पार्टियों के बीच संबन्धों, या क्रेता से सम्बद्ध सामग्रियों को विज्ञापित या प्रकाशित नहीं कर सकत है।

21. **अप्रत्याशित घटना:** प्रत्येक पार्टी मौसम, नागरिक उपद्रवों, असैन्य या सैन्य अधिकारियों के कार्यों, या दैवीय कार्यों सहित ऐसी पार्टी के उचित नियंत्रण से परे किसी भी घटना के कारण इस अनुबंध के तहत किसी उत्तरदायित्व की विफलता या निष्पादन में विलंब के लिए दायित्व से क्षमा किया जाएगा। दायित्व से इस तरह की क्षमा केवल निष्पादन में विफलता या विलंब का कारण बनने वाली घटना(ओं) की सीमा और अवधि तक ही प्रभावी होगी और बशर्ते कि पार्टी ऐसी घटना(ओं) के होने का कारण नहीं बनी हो। अप्रत्याशित घटना के कारण किसी पार्टी की निष्पादन में विफलता या विलंब का नोटिस घटना के पश्चात् तीन (3) कैलेंडर दिनों के भीतर दूसरी पार्टी को अवश्य दिया

जाना चाहिए। माल के लिए माँग को पूरा करने की कमी या विक्रेता की क्षमता पर अन्य बाधा (उदाहरण के लिए, सुविधा में कामबंदी, परिवहन समस्याएँ, आदि) की हालत में, विक्रेता माल की कुल उपलब्ध आपूर्ति को क्रेता और विक्रेता के अन्य ग्राहकों के बीच निष्पक्ष और न्यायता के आधार पर आवंटित करने के लिए सहमत है।

22. **समनुदेशन:** क्रेता की पूर्व लिखित सहमति के बिना विक्रेता इस अनुबंध को, पूरा या आंशिक रूप से, समनुदेशित नहीं कर सकता है। क्रेता किसी भी समय इस अनुबंध के तहत अपने अधिकारों या दायित्वों में से सभी या किसी को भी स्थानांतरित, प्रभारित, उप-संविदा कर या किसी भी अन्य तरीके से निपटा सकता है।

23. **स्वतंत्र संविदाकार संबंध:** इस अनुबंध के तहत प्रत्येक पार्टी अन्य के लिए एक स्वतंत्र संविदाकार के रूप में कार्य कर रही है, और कोई भी पार्टी बेरोजगारी बीमा लाभ की हकदार नहीं है। किसी भी पार्टी को अन्य पार्टी की ओर से, या के नाम में, किसी भी दायित्व या उत्तरदायित्व, अभिव्यक्त या अन्तर्निहित, को ग्रहण या सृजन करने का अधिकार या प्राधिकार प्रदान नहीं किया जाता है।

24. **उत्तरजीविता:** किसी भी अन्य नियम जिसका प्रसंग ऐसा आवश्यक बना सकता है के अलावा, अनुच्छेद 5, 6, 7, 8, 9, 10, 13, 15, 19, 24, 25, 26, और 27 में निहित नियम किसी क्रय आदेश के रद्दकरण या इस अनुबंध की समाप्ति पर भी अस्तित्व में रहेंगे।

25. **पृथक्करणता:** यदि इस अनुबंध का कोई प्रावधान या कोई क्रय आदेश किसी पंच (आर्बिट्रेटर) या सक्षम क्षेत्राधिकार के न्यायालय द्वारा अप्रवर्तनीय होना ठहराया जाता है, तो लागू कानून के तहत ऐसे प्रावधान के उद्देश्य को अत्यधिक संभव सीमा तक पूरा करने के लिए ऐसे प्रावधान को बदल दिया जाएगा और इसकी व्याख्या की जाएगी तथा इस अनुबंध के बाकी प्रावधान पूरी शक्ति और प्रभाव में जारी रहेंगे।

26. **अनुबंध की व्याख्या:** इस अनुबंध में अन्यथा प्रावधान किए गए को छोड़ कर, इस अनुबंध को केवल दोनों पार्टियों के अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा हस्ताक्षरित किसी लिखित दस्तावेज में ही आशोधित या रद्द किया जा सकता है। इस अनुबंध के नियम विक्रेता की किसी भी अभिस्वीकृति, चालान, प्रस्ताव, बोली (कोट), समय कार्ड या इस अनुबंध के निष्पादन में जारी किए गए अन्य दस्तावेज़ पर नियंत्रण करते हैं। इस अनुबंध के प्रावधानों में से किसी का भी कोई अधित्याग किसी अन्य प्रावधान, चाहे समान हो या नहीं, के अधित्याग का गठन नहीं करेगा, न ही कोई अधित्याग किसी सतत अधित्याग का गठन करेगा।

27. **शासी कानून और विवाद समाधान:** माल के अंतर्राष्ट्रीय विक्रय के लिए संविदा पर संयुक्त राष्ट्र का अभिसमय (कन्वेंशन) इस अनुबंध पर लागू नहीं होता है। इस अनुबंध का अर्थ उस देश में क्रेता के मुख्यालय के स्थान के देश, राज्य, प्रांत या स्थानीय क्षेत्राधिकार के कानूनों के तहत लगाया जाएगा। प्रत्येक पार्टी इस अनुबंध या इसकी विषय वस्तु के आधार पर या से उत्पन्न किसी भी दावे या वाद हेतुक के अपने अधिकार को किसी जूरी विचारण (ट्रायल) के प्रति अधित्याग करती है। क्रेता, अपने उचित विवेकाधिकार में, इस अनुबंध से संबंधित किसी भी विवाद के समाधान का मंच और तरीका निर्धारित करेगा।

28. **ऑडिट अधिकार:** क्रेता या उसके नामित प्रतिनिधि, अपने विवेक और खर्च पर: माल; प्रासंगिक अभिलेखों; विक्रेता के परिसर पर सहित विक्रेता की माल सूची (इन्वेन्ट्री), डिलीवरी, गुणवत्ता, और उत्पादन प्रक्रियाओं; इस अनुबंध के तहत विक्रेता के अपने दायित्वों को पूरा करने की क्षमता; लागू कानूनों के विक्रेता के अनुपालन; और इस अनुबंध के तहत इसके वास्तविक निष्पादन; का लेखा परीक्षण, निरीक्षण और परीक्षण कर सकते हैं।